STD. 10 HINDI

EPISODE: 8 DATE : 11.8.2021

पाठ का नाम : टूटा पहिया (कविता)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) किसका पक्ष असत्य का था ?

उत्तर : बडे बडे महारथियों का पक्ष असत्य का था |

2) अभिमन्यु के चारों ओर कौन- कौन थे?

उत्तर : अभिमन्यु के चारों ओर बडे बडे महारथी थे ।

3) महारथियों ने मिलकर क्या किया था?

उत्तर :महाराथियों ने मिलकर अकेली निहत्थी आवाज को कुचल दिया था |

4) सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए क्या किया ?

उत्तर : सारे महारथियों ने अभिमन्यु को कुचल डालने के लिए ब्रह्मस्त्रों का प्रयोग किया |

5) अकेली निहत्थी आवाज़ से किसकी ओर सूचना है?

उत्तर : अभिमन्यू की और |

6) सारे महारथियों ने क्या चाहा ?

उत्तर : सारे महाराथियों ने मिलकर अभिमन्यु को कुचल देना चाहा ।

7) जब बडे बडे महारथियों ने ब्रह्मास्त्रों से अभिमन्यु को कुचल देना चाहा तो

अभिमन्युने क्या किया ?

उत्तर : एक टूटे पहिये को उठाकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया।

8) ब्रह्मास्त्रों से कौन लोहा ले सकता है?

उत्तर : टूटा पहिया |

9) अभिमन्यु कहाँ अकेला पड़ा था?

उत्तर : चक्रव्यूह के अंदर |

10) बडे बडे महारथी किस के पक्ष में थे ?

उत्तर : बडे बडे महारथी असत्य के पक्ष में थे |

11) " तब मैं

रथ का टूटा हुआ पहिया

उसके हाथों में

ब्रम्हास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।"

- यहाँ टूटा पहिया क्या आग्रह करता है ?

उत्तर : सत्य की रक्षा के लिए सत्य के पक्ष में खडे रहना चाहता है।

12) टूटा पहिया किसका प्रतीक है?

उत्तर : लघु या उपेक्षित मानव का प्रतीक है।

13) अभिमन्यु किसका प्रतीक है?

उत्तर : अभिमन्यु अधर्म का शिकार है या अभिमन्यु शोषित व्यक्ति है या अभिमन्यु अधर्म के विरोधी का प्रतीक है।

14) महारथी किसका प्रतीक है ?

उत्तर : महारथी अधर्म, असत्य, अन्याय या शोषक का प्रतीक है।

15) कविता में चक्रव्यूह किसका प्रतीक है?

उत्तर : चक्रव्यूह मानव जीवन की समस्याओं का प्रतीक है।

16) ब्रहमास्त्र और अक्षैहिणी सेना किसके प्रतीक है?

उत्तर : ब्रहमास्त्र और अक्षौहिणी सेना अन्यायी या अधर्मी या शेषक के हाथ की महाशक्ति के प्रतीक है|

17) अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी बडे बडे महारथी अकेली निहत्थी आवाज को अपने ब्रहमास्त्रों से कुचल देना चाहे

- इन पंक्तियों के अशय पर चर्चा करें।

उत्तर : कौरव पक्ष के महारथी जानते थे कि अपना पक्ष असत्य का है | फिर भी उन्होंने ब्रह्मास्त्रों से अभिमन्यु की निहत्थी आवाज़ को कुचल डालना चाहा। तब आभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से बह्मास्त्रों से लोहा लिया था| यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार मैं किसी निरायुध के हाथों में आकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

18) तब मैं

रथ का टूटा हुआ पहिया

उसके हाथों में ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

- इन पंक्तियों में चर्चित पौराणिक संदर्भ वर्तमान परिवेश में कहाँ तक प्रासंगिक है?

उत्तर: चक्रव्यूह में निरायुध अभिमन्यु अकेले फँस गया। महारथियों ने ब्रह्मास्त्रों से उसे कुचल डालना चाहा । तब अभिमन्यु ने एक टूटे पहिए से ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था |

केवल टूटा पहिया ही अभिमन्यु का सहारा बना था। यहाँ टूटा पहिया कहता है कि उसी प्रकार शोषकों के अत्याचार के विरुद्ध लडनेवाले का टूटा पहिया यानी लघु या उपेक्षित मानव ही सहारा बनेगा |

वर्कशीट

सही उत्तर चुनकर लिखिए |

1) कविता के अधार पर किसका पक्ष असत्य का है?

(क) अकेली निहत्थी आवाज का

(ख) बडे बडे महारथी का

2) अकेली निहत्थी आवाज़ का प्रतीकात्मक अर्थ किसकी ओर सूचित है?

(क) शोषकों की ओर

(ख) शोषितों की ओर

3) अकेली निहत्थी आवाज़ को ब्रह्मास्त्रों से कुचल देनेवाला कौन है ?

(क) शोषक

(स) शोषित

4) टूटा पहिया किसके हाथों में ब्रम्हास्त्रों से लोहा ले सकता है?

(क) शोषक के

(स) शोषित के

5) दुरूह चक्रव्यूह - इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है ?

(क) चक्रव्यूह

(ख) दुरूह

6) लोहा लेना का मतलब क्या है?

(क) सामना करना

(ख) पीछे जाना

उत्तर

1) बडे बडे महारथी का

2) शोषितों की ओर

3) शोषक

4) शोषित के

5) दुरूह

6) सामना करना

7) कविता के प्रतीकों को चुनकर खंभे में लिखें ।

वर्तमान परिवेश में प्रतीक किसका प्रतिनिधित्व करता है ? यह भी लिखें ।

प्रतीक	किसका प्रतिनिधित्व करता है
अभिमन्यु	अधर्म का शिकार, शोषित व्यक्ति, अधर्म के विरोधी
टूटा पहिया	लघु या उपेक्षित मानव
महारथी	अधर्म, असत्य, अन्याय या शोषक
चक्रव्यूह	मानव जीवन की समस्याएँ
ब्रह्मास्त्र / अक्षौहिणी सेना	अन्यायी, अधर्मी या शोषक के हाथ की महाशक्ति

कठिन शब्दार्थ

निहत्थी- शस्त्रहीन, ആയുധമില്ലാത്ത

कुचलना - रौंदना, ചവിട്ടി മെതിക്കുക

शिकार - ഇര

पौराणिक - पुराण से संबंधित

परिवेश- ചുറ്റുപാട്

आवाज़- ശബ്ദം

अकेला - തനിച്ച്, ഒറ്റയ്ക്ക്

लोहा लेना- सामना करना , എതിരിടുക

* *